हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–264 : जौनपुर, शुक्रवार 28 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पहले चरण के 35 प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस लिया : 58 सीटों पर 623 उम्मीदवार


लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 35 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया है। पहले चरण की 58 सीटों पर कुल 623 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इसमें सबसे अधिक मथुरा और मुजफ्फरनगर सीट से 15–15 प्रत्याशी मैदान में हैं। आगरा कैंट, बाह, गौतमबुद्धनगर की दादरी और गाजियाबाद नगर सीट से 14–14 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, सबसे कम अलीगढ़ की इगलास विधानसभा सीट से 5, बागपत के बड़ौत और मथुरा के बलदेव सीट से 6–6 उम्मीदवार मैदान में हैं। ऐसे में पहले चरण के मतदान में किसी भी विधानसभा सीट पर डबल बैलेट यूनिट की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिस सीट पर 16 या उससे अधिक प्रत्याशी होते हैं, वहां डबल यूनिट की आवश्यकता होती है। चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी, पहले दिन 14 नामांकन चौथे चरण के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इस चरण में 9 जिलों की 59 सीटों पर 23 फरवरी को मतदान होगा। पहले दिन 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें लखनऊ में कैंट और बख्शी का तालाब विधानसभा सीट से 1–1



उम्मीदवार, रायबरेली जिले की सरेनी सीट से 5, उन्नाव में 3, लखीमपुर में 3 और फतेहपुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया है। दूसरे चरण के लिए 412 और तीसरे चरण के लिए 42 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दूसरे चरण के लिए अब तक 412 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जबकि तीसरे चरण के लिए 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। दूसरे चरण में शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है। इस चरण में 9 जिलों की 55 सीटों पर 14 फरवरी को मतदान होना है। तीसरे चरण में 16 जिलों की 59 सीटों पर 20 फरवरी को मतदान होना है। यहां एक फरवरी तक नामांकन होगा।

## कविता जीवन प्रेम और कवि के हृदय से सृजित विचार : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कविता को विस्तार से परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि कविता जीवन, प्रेम और कवि के हृदय से सृजित विचार है, यह सर्जना भी है। समय के साथ काव्य लेखन की विधा बदलती रहती है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य शुक्रवार को साहित्यिक विधाओं का सृजनात्मक लेखन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। यह आयोजन तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय तिरवारूर तमिलनाडु के हिंदी विभाग की ओर से आनलाइन किया गया था। उन्होंने कहा कि कविता समाज की बात को संप्रेषित करती है। बाबा नागार्जुन की कविता कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास।कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास। कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त। कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त। का उदाहरण देते हुए उन्होंने कविता की सृजनात्मकता और रचनात्मकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। मीडिया का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि समाचारों का सामाजिक सरोकार होना चाहिए। भेंटवार्ता सृजनात्मकता और खेल रिपोर्टिंग रचनात्मकता का उदाहरण है। इसी तरह संपादकीय लेखन में समाचार और विचार का सृजन और रचना होती है तो विज्ञापन में कुछ ही शब्दों में सबको प्रभावित करने की कला होती है। ये शब्द सृजन और विचार की रचना से ही पनपते हैं। उन्होंने कहा कि अनुवाद का काम सरल नहीं बहुत कठिन है अनुवादक भी साधक की तरह होता है कहानी कविता और उपन्यास के अनुवाद का भाव अलग–अलग होता है।




उन्होंने विभिन्न रचनाकारों का उदाहरण देते हुए समीक्षा और आलोचना के अंतर को भी विस्तार से समझाया। कार्यशाला में स्वागत भाषण और मुख्य अतिथि का परिचय हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पी राजारत्नम ने किया और अध्यक्षीय उद्बोधन कुलसचिव प्रोफेसर सुलोचना शेखर तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय तिरवारूर ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर देवराज सिंह डॉक्टर रसिकेश, डॉ सुनील कुमार (मीडिया प्रभारी), डॉक्टर जगदेव प्रोफेसर सत्य प्रकाश पाल डॉ मनोज कुमार सिंह डॉक्टर सुमित्रा शर्मा, डॉ डॉली मौर्य, दिव्या रंजन गिरि, डॉ मनीष कुमार गुप्त समेत सौ से भी अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

—संपादक

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला थाना जौनपुर का किया गया वार्षिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–28.01.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, डां संजय कुमार द्वारा महिला थाना जौनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की बैरिक,



कार्यालय के अभिलेख, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, पालना गृह व थाना इमारत का जायजा लिया गया एवं महिला हेल्प डेस्क, रजिस्टर में प्रविष्टि/फीडबैक अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा महिला सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण एवं वू–मेन पावर लाइन, एण्टी रोमियों टीम को सतत कार्य कर महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।

## तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज और लायंस क्लब क्षितिज जौनपुर ने संयुक्त रूप से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : देश के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर टीडीएमसी स्कूल और लायंस क्लब जौनपुर 'क्षितिज' ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। ध्वजारोहण टीडीएमसी स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर इंद्रजीत सिंह, मुख्य अतिथि व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष राधे रमण जायसवाल, लायंस क्लब क्षितिज के संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू व वर्तमान अध्यक्ष जय कृष्ण साहू द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक जोन चेयरमैन दिलीप सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन व शहीदों को माल्यार्पण करके गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना सिंह द्वारा कार्यक्रमों का सफल संचालन किया गया। लक्ष्य व धैर्य जायसवाल तथा विशाखा राय द्वारा शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नितिन गुप्ता व पवन साहू ग्रुप द्वारा देश भक्ति व सामाजिक परिवेश पर भव्य नाट्य मंचन किया गया। लायंस क्लब के सचिव प्रदीप सिंह द्वारा आए हुए सभी



आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ के साथ–साथ लायंस क्लब क्षितिज व जेसीआई के सदस्य गण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में चेतना साहू, नीतू सिंह, विष्णु सहाय, सीमा सहाय, धेर्मेन्द्र सेठ, संजय गुप्ता, आशुतोष जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव, अतुल सिंह, आराधना सिंह, दिलीप जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, संतोष अग्रहरि, डॉ चंदन नाथ गुप्ता, भारत सेठ, अजित सोनकर, अजय नाथ जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## कम मतदान वाले बूथ पर आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्देशित किया है कि विगत विधानसभा चुनाव 2017 व लोकसभा चुनाव 2019 में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर विशेष रुप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। तथा किस कारण कम मतदान हुआ इसका कारण ज्ञात करते हुए समस्या दूर कर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया जाए। इसके लिए सभी विधानसभा से 25–25 कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित किया गया है। जहां पर चौपाल, चुनावी पाठशाला आयोजित कर बीएलओ, आंगनबाड़ी सहायिका, आशा, सुपरवाइजर, शिक्षक व शिक्षामित्र मतदाताओं को 07 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूक करेंगे। इसी कड़ी में आज कम मतदान वाले सदर विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय उड़ली बूथ पर चुनावी पाठशाला आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने लोगों को लोकतंत्र के महापर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि संविधान ने हमें वोट देने का अधिकार प्रदान किया है, हम इस अधिकार का सम्मान करें और अपनी जिम्मेदारी व अपना कर्तव्य निभाते हुए 07 मार्च को मतदान जरुर करें। स्वयं



मतदान करें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़े तथा मजबूत लोकतंत्र का गठन हो। प्रत्येक मतदाता को अपने पसंद का उम्मीदवार बिना किसी लालच भेदभाव के चुनने का अधिकार है, इसलिए इस अधिकार का सभी को उपयोग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रुपेश सिंह, बीएलओ सरिता सिंह, अरविंद गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, सोहराब अहमद, सीता विश्वकर्मा, विवेक सोनी, रोहन यादव सहित मतदाता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पान्डेय, जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार भदौरिया व श्रीमती माया सिंह डिप्टी जेलर, चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, पीएलवीगण व अन्य बन्दीगण उपस्थित रहे।

## बीएड सेमेस्टर परीक्षा का आवेदन करने की तिथि जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने बीएड सत्र 2021– 23 के संस्थागत भूतपूर्व कैरीफॉरवर्ड छात्र छात्राओं को ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की तिथि जारी कर दी है। जिसमें ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 28 जनवरी से लेकर 6 फरवरी के बीच भरे जायेंगे । ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फार्म का सत्यापन एवं संशोधन 7 फरवरी से लेकर 9 फरवरी के बीच होगा। भरे गए फार्म का महाविद्यालय द्वारा शुल्क लागिन करने और फार्मो को जमा करने की तिथि 10 से 12 फरवरी के बीच निर्धारित की गई है । विश्व विद्यालय में हार्ड कॉपी नॉमिनल रोल जमा करने की तिथि 13 फरवरी से लेकर 16 फरवरी तक निर्धारित की गई है । इसके अलावा बीएससी कृषि द्वितीय तृतीय चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेशित संस्थागत भूतपूर्व छात्रों को परीक्षा फार्म भरने का तिथि जारी की गई है। इनके परीक्षा फार्म 28 जनवरी से लेकर 5 फरवरी के बीच भरे जाएंगे। विलंब शुल्क के साथ 6 से 7 फरवरी के बीच भरे जाएंगे। भरे गए परीक्षा फार्मो का ऑनलाइन संशोधन सत्यापन 8 फरवरी से लेकर 9 फरवरी के बीच में होगा ।परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह ने बताया कि परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है और कॉलेजों को निर्देश दे दिया गया है।

## कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए लेंगे संकल्प : 30 जनवरी को होगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को एंटी लैप्रोसी–डे के रूप में मनाया जाता है। इसके तहत जनपद में 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जनपद के लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी और कुष्ठ रोग व उससे ग्रसित मरीजों के बारे में भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। इसके साथ ही कुष्ठ रोग के सामाजिक कलंक को मिटाने का भी प्रयास किया जाएगा। नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि 30 जनवरी को कुष्ठ रोग दिवस मानते हुये जनपदवासी कुष्ठ रोग से मुक्त के लिए संकल्प लेंगे। उन्होने बताया कि जनपद में वर्ष 2021 से ही एक्टिंग केस डिटेक्शन एंड रूटीन सर्विलांस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के लिए 829 टीमें बनाई गईं हैं। प्रत्येक टीम में एक आशा कार्यकर्ता तथा उसके साथ एक पुरुष सहयोगी हैं और इस तरह से 1658 लोग काम कर रहे हैं। यह टीमें घर–घर भ्रमण करती हैं। इस दौरान पुरुष सहयोगी पुरुषों में तथा आशा कार्यकर्ता महिलाओं में देखते हैं कि किसी के चमड़े में दाग के साथ शून्यता तो नहीं है, जिसमें ऐसा दिखता है उसे नजदीकी प्राथमिक (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर भेजते हैं। जहां कुष्ठ रोग की पुष्टि होने के बाद मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) दवा होगी। डॉ प्रभात ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जल्द से जल्द कुष्ठ रोग की शुरुआत में ही



उसकी पुष्टि कराकर मरीज को दवा खिलाने की शुरुआत कर देना है जिससे कि मरीज को विकलांगता से बचाया जा सके। उन्होने बताया कि इस समय नए सिरे से टीम बनाने का प्रयास हो रहा है जिसमें लगभग 450 टीमें बनेंगीं और 900 के लगभग लोग मरीजों को खोजने के अभियान में लगेंगे। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2021 से अब तक 83 कुष्ठ रोगियों का उपचार चल रहा है जबकि इस दौरान 83 कुष्ठ रोगी उपचार कर ठीक भी किए जा चुके हैं। लक्षण और बचावः डॉ प्रभात ने बताया कि कुष्ठ रोग की प्रारम्भिक स्थिति में मरीजों में दाग के साथ ही दागवाले स्थान पर शून्यता जैसी स्थिति महसूस होती है। खुजली या दर्द नहीं होता है, त्वचा का रंग हल्का तैलीय हो जाता है। ऐसे लक्षणयुक्त व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराकर तुरंत मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) दवा शुरू करा देनी चाहिए।

## जिला कारागार जौनपुर का भौतिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह के निर्देशों एवं अनुमति से तथा कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 28 जनवरी 2022 को जिला कारागार जौनपुर का भौतिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक तथा जेल अस्पताल का भ्रमण किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1202 बन्दी है, जिनमें पुरुष 1102 महिला 59 तथा 41 अल्पवयस्क हैं। कुल बन्दियों में 140 सिद्धदोष तथा 936 विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 10 बच्चे हैं। जिसमें से 06 बालिकाएं तथा 4 बालक है। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। 01 बंदी कोविड पॉजिटिव है जिसे पृथक रूप से आइसोलेशन में रखा गया है। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव पूर्णकालिक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा प्रदान करायी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं बन्दियों को कोविड–19 प्रोटोकाल के नियमों के पालन हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी बन्दी को वादों में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर उनके प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जेल विजिटर पैनल अधिवक्ता को निर्देशित किया गया कि माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में अपने कार्य दिवस पर समय–समय पर जेल विजिट करते रहे और जिला कारागार में निरूद्ध पात्र गरीब, असहाय एवं व्यक्तिगत अधिवक्ता करने में अक्षम बन्दी, जिनका प्रतिनिधित्व कोई अधिवक्ता नही कर रहा है, ऐसे विचाराधीन बन्दियों के जमानत प्रार्थना पत्र, माफीनामा, पैरोल आदि तैयार करने एवं दोषसिद्ध बन्दियों की समय से अपील किये जाने सबंधी प्रपत्रों को तैयार करना सुनिश्चित करें।

## थाना जफराबाद पुलिस ने 450 गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध एंव अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना जफराबाद पुलिस द्वारा कुतुलुपर मोड़ के पास से भिखारी सिंह पुत्र स्व0 देवनारायण सिंह ग्राम पीपरा थाना लोधीपुर जनपद भागलपुर (बिहार) को 450 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–24/22 धारा–8/20



एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तः– 1.भिखारी सिंह पुत्र स्व0 देवनारायण सिंह ग्राम पीपरा थाना लोधीपुर जनपद भागलपुर (बिहार)। बरामदगी का विवरणः– 450 ग्राम अवैधा गांजा गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्री योगेन्द्र सिंह, प्र0नि0 थाना जफराबाद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री रामजी सैनी, चौकी प्रभारी कस्बा जफराबाद जौनपुर। 3.हे0कां0 कमलेश कुमार, सैनी चौकी कस्बा जफराबाद। 4.कां0 विपुल कुमार राय, चौकी कस्बा जफराबाद।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*—सुविचार—*

नीयत साफ रखें, नियति पूरा साथ देगी।

*—साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# चीन की चुनौती से कैसे निपटें?

चीन से जैविक खाद की एक खेप दूषित होने के बाद हाल के महीनों में श्रीलंका–चीन के संबंधों में कुछ हद तक समस्या आई है। चीनी दबदबे के कारण श्रीलंकाई विरोध खारिज हो गया और उन्हें सौदे के लिए चीनी कंपनी को 67 लाख डॉलर का भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ा, और उनसे ताजा स्टॉक भी खरीदना पड़ा।

नए वर्ष के पहले ही दिन दो घटनाओं ने चीन के साथ अपने संबंधों पर भारत का ध्यान आकृष्ट किया। पहला एक वीडियो था, जिसमें गलवान घाटी में चीन का झंडा फहराया जा रहा था। यह वही जगह थी, जहां जून, 2020 में भारतीय एवं चीनी सैनिकों के बीच घातक झड़प हुई थी। दूसरी घटना भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच नए साल के अवसर पर मिठाइयों के आदान–प्रदान की तस्वीरें थीं। जिन दस जगहों पर मिठाइयों का आदान–प्रदान हुआ, उनमें से सात पूर्वी लद्दाख में थीं, जहां दोनों देशों की सेनाएं पिछली गर्मियों से अभूतपूर्व तैनाती में एक–दूसरे का सामना कर रही हैं।

वास्तव में, दोनों देश अब भी कुगरंग नदी घाटी में पेट्रोलिंग प्वाइंट (पीपी) 15 जैसे अन्य क्षेत्रों से चीन को बाहर निकलने, देपसांग में 'बॉटलनेक प्वाइंट' में अपनी नाकाबंदी हटाने और भारतीय गश्ती दल को लगभग 900 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में जाने की अनुमति देने पर सहमति बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। भारतीय सैन्य सूत्रों का कहना है कि गलवान वीडियो टकराव की जगह पर शूट नहीं किया गया था, जो बहुत संभव है कि यह एक दुष्प्रचार (प्रॉपेगैंडा) था। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि इसका असर हुआ, तीन दिन बाद भारतीय सेना ने गलवान में भी तिरंगा फहराए जाने की अपनी तस्वीर लगाई, लेकिन कहां, यह स्पष्ट नहीं है।

नए साल के अपने सालाना भाषण में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत या किसी भी अन्य देश का जिक्र नहीं किया। लेकिन नए साल पर अपनी टिप्पणी में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत का उल्लेख किया और कहा कि चीन ने 'कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में विवाद को प्रभावी ढंग से प्रबंधित और नियंत्रित किया है।' दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक लगातार अपनी स्थिति को मजबूत बना रहे हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने पैंगोंग झील के सबसे संकरे बिंदु पर एक पुल का निर्माण किया है, ताकि उनके आधार क्षेत्रों से झील के उत्तरी किनारे तक आवाजाही को सुगम बनाया जा सके।

यह सब भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पूर्वी लद्दाख सहित अग्रिम क्षेत्रों में कई पुलों और सड़कों का आभासी (वर्चुअल) उद्घाटन के ठीक एक हफ्ते बाद हुआ है। चीनी और भारतीय सैन्य अधिकारियों के बीच 13वें दौर की वार्ता बेनतीजा रही। 14वें दौर की बातचीत के बारे में खबरें आई हैं, लेकिन अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले के दौर की बातचीत गलवान और पैंगोंग त्से से सैनिकों की वापसी कराने में सफल रही। लेकिन सरकार ने अब तक सबसे गंभीर समस्या देपसांग के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है, जहां लगभग 900 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर चीनी सैनिकों का कब्जा है।

ऐसा लगता है कि सरकार इस क्षेत्र को चीन को सौंपने के लिए तैयार है। कुगरंग नदी घाटी और डेमचोक के पास चारडिंग नाला में कई अन्य क्षेत्र भी हैं, जहां से चीनी अभी तक पीछे नहीं हटे हैं। यहां तक कि पूर्वी लद्दाख में चीनियों के साथ अपने सैनिकों के सामना करने के बावजूद, भारत दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में निरंतर चीनी बढ़त का सामना कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था के आकार और इसकी सैन्य क्षमता को देखते हुए, दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में इसे प्रधानता मिलनी चाहिए, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। पाकिस्तान, निश्चित रूप से एक ज्ञात समस्या है। लेकिन नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है।

नए साल के संबोधन के दो दिन पहले यह घोषणा की गई थी कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी की 2022 में पहली विदेश यात्रा इरिट्रिया, केन्या और कोमोरोस के साथ मालदीव, श्रीलंका की होगी। इन सभी देशों से भारत के हित जुड़े हैं, विशेष रूप से श्रीलंका से, जो भारतीय प्रायद्वीप से लगभग 30 किमी दूर है। वहां राजपक्षे परिवार फिर से सत्ता में है। हालांकि वे नई दिल्ली को खुश रखने के प्रति सावधान रहते हैं, पर वे हमारे लिए अनुकूल नहीं हैं।

चीन लगातार छह वर्षों से नेपाल के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है, जिसने 2020–21 में 18.8 करोड़ डॉलर निवेश की प्रतिज्ञा की है। यह बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है और चीन बिजली और ऊर्जा क्षेत्र के साथ–साथ एक्सप्रेस–वे, रेलवे लाइनों, पुलों और बंदरगाहों के निर्माण में भी निवेश कर रहा है। इसके अलावा, चीन बांग्लादेश का अब तक का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है। हालांकि, ढाका अपने कर्ज के प्रबंधन में सावधानी बरत रहा है और अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ श्रीलंका जैसी समस्याओं का सामना नहीं करता है।

चीन से जैविक खाद की एक खेप दूषित होने के बाद हाल के महीनों में श्रीलंका–चीन के संबंधों में कुछ हद तक समस्या आई है। चीनी दबदबे के कारण श्रीलंकाई विरोध खारिज हो गया और उन्हें सौदे के लिए चीनी कंपनी को 67 लाख डॉलर का भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ा, और उनसे ताजा स्टॉक भी खरीदना पड़ा। श्रीलंका के साथ चीन के संबंधों को अक्सर हम्बनटोटा बंदरगाह सौदे के चश्मे से देखा गया है। बेशक श्रीलंका में कर्ज की गंभीर समस्या है। लेकिन हमें श्रीलंका को दिए चीन के कर्ज के मुद्दे को बढ़ा–चढ़ाकर नहीं बताना चाहिए।

वास्तव में चीन का कर्ज उसके कुल कर्ज का महज 10 फीसदी है। हाल में हुए दो अध्ययन, एक लंदन स्थित चाथम हाउस और दूसरा, हार्वर्ड विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों द्वारा किया गया, इस लोकप्रिय आख्यान को खारिज करते हैं कि चीन जान–बूझकर असहाय विकासशील देशों को कर्ज में फंसा रहा है। दुनिया और भारत के सामने इस क्षेत्र में चीनी गतिविधियों का मुकाबला करने में सक्षम होने की चुनौती है। हालांकि, भारत के पास पैसे के मामले में चीन को टक्कर देने के लिए संसाधनों की कमी है।

लेकिन इस क्षेत्र में विकास सहायता के मुद्दे को हल करने के लिए यह जापान और अमेरिका जैसे देशों के साथ गठबंधन कर सकता है। जून 2021 में, जी–7 देशों ने चीनी बीआरआई के विकल्प के रूप में एक नई 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड' (बी3डब्ल्यू) पहल शुरू की थी। लेकिन इसका दायरा वैश्विक होगा, इसलिए नई दिल्ली को दक्षिण एशियाई क्षेत्र में बी3डब्ल्यू देशों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने में सक्रिय कूटनीतिक भूमिका निभानी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भाजपा प्रत्याशी अलका सिंह अर्कवंशी ने दर्जनों गांव पहुंचकर बुजुर्गों से लिया जीत का आशीर्वाद

हरदोई। संडीला विधानसभा क्षेत्र में चुनावी बिगुल बजते ही भाजपा प्रत्याशी अलकासिंह अर्कवंशी ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों का सघन दौराकर घर–घर पहुंचकर जनसम्पर्क करते हुए पुनः मोदी व योगी सरकार बनाने के मद्देनजर सभी से समर्थन की अपील कर कमल का फूल चुनाव निशान पर वोट मांगे और बुजुर्गों से जीत का आशीर्वाद प्राप्त किया। गावों में जगह जगह शुभचिन्तकों द्वारा हुए स्वागत से अभिभूत अलकासिंह अर्कवंशी ने कहा कि भाजपा ही सर्व समाज की सच्ची हितेषी एक मात्र राजनैतिक पार्टी है जिसने परिवारवाद के अलावा जाति धर्म सम्प्रदाय से अलग हटकर सबका साथ सबका विकास की भावना से गरीबों, असहायों, किसानों, छात्रों, व्यापारियों, नौजवानों, बेरोजगारों व महिलाओं के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की और दबंग, गुंडों, अपराधियों पर नियंत्रण कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया कोरोना काल में भी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी जी के कुशल नेतृत्व व सूझबूझ से जनता ने राहत की सांस ली।जिसे गांव की जनता भली भांति समझ रही है। उन्होंने विश्वास



दिलाते हुए कहा कि सण्डीला विधानसभा मेरी सेवा की सच्ची कर्मभूमि है मैं सभी को अपने परिवार का सदस्य मानतीं हूँ जनता के दुःख दर्द में हमेशा दिन रात सहभागी रहूंगी किसी को भी कोई परेशानी उठानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने औना देवकली महीठा, बंगालपुर, हीरूपुर, प्रहलादखेड़ा, नेवादादखलौल, मिश्राखेड़ा, भरावन, तुलसीपुर, बिलरिया, शिवपुरिया फत्तेपुर आदि गांवों में जनसंपर्क कर समर्थन मांगा और बुजुर्गों से विजय का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## यूपी में अभी कई दिनों तक सताएगी शीत लहर

अयोध्या ब्यूरो : मौसम विभाग के अनुसार यूपी में अगले 2 से 3 दिन तक यूपी में कोल्ड डे कंडिशन या शीत लहर चलने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक 29 जनवरी से मौसम में बदलाव हो सकता है और तेज धूप निकल सकती है। यूपी में अभी ठंड से कुछ दिन और राहत मिलती नहीं दिख रही है. मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 से 3 दिन तक यूपी में कोल्ड डे कंडिशन या शीत लहर चलने की संभावना है. आज भी प्रदेश के कई जगहों पर कोहरे के साथ–साथ शीत लहर चल रही है. मौसम विभाग के मुताबिक 29 जनवरी से मौसम में बदलाव हो सकता है और तेज धूप निकल सकती है. हालांकि इस दौरान सुबह–शाम घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी यूपी के जिलों सहारनपुर, शामली, मुजफ्फनगर, मेरठ, बिजनौर और अमरोहा में इन दिनों ज्यादा ठंड पड़ रही है और आने वाले दिनों में भी राहत मिलने की उम्मीद कम है. इस समय प्रदेश के लगभग सभी शहरों में सुबह में कोहरा का प्रकोप देखने को मिल रहा है. कई जगहों पर दिन में मौसम साफ हो जा रहा है. वहीं प्रदूषण के स्तर में काफी सुधार है और ज्यादातर शहरों में एक्यूआई संतोषजनक श्रेणी में है. आइये जानते हैं कि आज यूपी के कुछ बड़े शहरों में मौसम कैसा रहने वाला है? लखनऊ में आज अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. सुबह में कोहरा और धुंध छाई रहेगी, दिन में मौसम साफ रहने की संभावना है. वायु गुणवत्ता सूचकांक 'संतोषजनक' श्रेणी में 93 दर्ज किया गया है।

## व्यापारी एसोसिएशन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित

आर एल पाण्डेय लखनऊ व्यापारी एसोसिएशन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज 26 जनवरी 2022 को पंजीकृत कार्यालय सुख कांप्लेक्स मुंशी पुलिया इंदिरा नगर लखनऊ में झंडारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य सुश्री अनुसूया शर्मा द्वारा झंडारोहण किया गया इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती गीता सिंह प्रदेश महासचिव विकास मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष एसके श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनुजा सिंह सुख कांप्लेक्स महामंत्री संजय खुराना प्रदेश सचिव रत्नाकर मिश्रा प्रदेश संगठन मंत्री अशोक यादव प्रदेश सचिव महेश चंद्रा संतोष श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता मीडिया प्रभारी सुनील सिंह कार्यालय मंत्री जेपी श्रीवास्तव संयुक्त सचिव अकील अहमद चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉक्टर श्यामल आनंद नगर अध्यक्ष चित्रांशु राय इंदिरा नगर अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव अमराई गांव अध्यक्ष मोहम्मद अजमल चांद डॉ एके वर्मा एडवोकेट प्रमोद कुमार शाक्य एडवोकेट केडी शुक्ला एडवोकेट दिनेश कुमार एडवोकेट डी के यादव एडवोकेट रितेश कुमार फिजिकल मोटीवेटर केएम टंडन रविकांत यादव उमेश सिंह तिवारीगंज अध्यक्ष अभिनंदन शाह मोहम्मद पुर



मजरा अध्यक्ष बबलू यादव मीडिया प्रभारी निजामुद्दीन हाशमी इंदिरा नगर सचिव फैजी युगांक रेहान अहमद हिमांशु मिश्रा नगर उपाध्यक्ष बंटी तिवारी विकास रावत राकेश प्रजापति शंकर दुबे नीलम जीत कौर हरमीत भसीन नितिन चक्रवर्ती श्री राम सूर्यवंश कुमार राकेश कुमार गुप्ता प्रमोद गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## 73 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ कन्नौज में मनाया गया



आर एल पाण्डेय कन्नौज। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और भारतीय पूर्व सैनिक लीग ने गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया। लोकतंत्र के पर्व, यूपी के निर्वाचन में सभी को वोट डालने का अनुरोध किया गया। 73 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ ग्राम चौधरियापुर कन्नौज में मनाया गया।इस अवसर पर मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर संगठन मंत्री अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कानपुर प्रांत, सूबेदार एसकेएस चंदेल जिला अध्यक्ष पूर्व सैनिक लीग, ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार प्रमोद सिंह, हवलदार अनंत राम, सार्जेंट विजेंद्र सिंह भदोरिया, हवलदार बृजपाल सिंह तथा अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## एमके मिश्रा मेमोरियल हॉस्पिटल धनवारा मोहनलालगंज में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के धनवारा स्थित एम के मिश्रा मेमोरियल हॉस्पिटल में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय निःशुल्क मेगा कैंप में मोहनलालगंज क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने निःशुल्क दवाइयां प्राप्त की तथा जांचें करवाई। इस अवसर पर मोतियाबिंद की जांच व ऑपरेशन। नाखूना की जांच, ऑपरेशन। आंखों में लाली की जांच नजदीकी नजर की जांच, रतौंधी की जांच ऑपरेशन सबलबाई की जांच, ऑपरेशन .कलर ब्लाइंडनेस की जांच, शुगर डायबिटीज की जांच, बीपी की जांच आदि अनेक जांचे निःशुल्क की गई तथा दवाइयां वितरित की गई। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एमके मिश्रा



मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एस के मिश्रा, फिजिशियन डॉक्टर डीपी मिश्रा, नेत्र परीक्षक लवली सिंह, फार्मासिस्ट शिव कुमार यादव, आकाश कुमार चौहान, पूजा जायसवाल प्रमोद कुमार मोहित तिवारीआदि सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ डाक्टर आर जी सैनी क्लीनिक पर 73 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में जहाँ एक ओर 73 वाँ गणतंत्र दिवस शहर से लेकर गांव तक सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयो व प्रतिष्ठानों पर हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से मनाया गया।वही इसी कडीध में दि इलेक्ट्रो होमियोपैथिक मेडिकल प्रैक्टिसनर एशोसिएशन आफ इंडिया ब्रांच फैजाबाद व पी आर मेमोरियल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी एंड रिचर्स सेंटर सेंटर फैजाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 73 वाँ गणतंत्र दिवस डाक्टर आर जी सैनी क्लीनिक जप्ती वजीरगंज फैजाबाद पर हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से मनाया गया।इस कार्यक्रम की शुरुआत एशोसिएशन के अध्यक्ष डाक्टर सुधीर मौर्या ने झंडारोहण कर किया।इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ।इस मौके पर उन्होंने गणतंत्र के महत्व को बताया।इसी कडीध में एशोसिएशन के संरक्षक डाक्टर आर जी सैनी ने कहा कि हमारा देश तो 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था परंतु संपूर्ण आजादी 26 जनवरी को मिली।क्योंकि इसी दिन हमारे देश में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान लागू हुआ था।इसी क्रम में इस पर उपस्थित



एसोशिएशन के मीडिया प्रभारी डाक्टर अजय तिवारी,डाक्टर बी आर वर्मा,डाक्टर एस के पाण्डेय,डाक्टर रणजीत सिंह,डाक्टर ए पी सिंह,डाक्टर मनोज सिंह,डाक्टर आजम खान,डाक्टर सुजीत मौर्या,डाक्टर राम जनम वर्मा, डाक्टर गौतम, डाक्टर आर एन यादव,डाक्टर तुफैल अहमद,डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद,डाक्टर राजेन्द्र मौर्या,डाक्टर राकेश गुप्ता सहित अन्य चिकित्सको ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला।

## वाराणसी के लिए मार्च से चलेगी इंटरसिटी अयोध्या से पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : मंगलवार को अयोध्या से पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन बस्ती के लिए रवाना हुई तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को अयोध्या से पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन बस्ती के लिए रवाना हुई तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोमवार को प्रयागराज से बस्ती जाने वाली इंटरसिटी –मनवर संगम एक्सप्रेस को अयोध्या कैंट से इलेक्ट्रिक से जोड़ा गया।अयोध्या कैंट से आज इलेक्ट्रिक ट्रेन बस्ती के लिए रवाना की गई।चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण नेताओं की दूरी बनी रहीसमाना जा रहा है कि कोहरे की समाप्ति के बाद मार्च माह से यहां ट्रेन की संख्या बढ़ाई जाएगी।रेलवे के अधिकारियों के अनुसार अयोध्या से वाराणसी के लिए जल्द ही इंटरसिटी शुरु की जाएगी, रेलवे के अधिकारियों के अनुसार अयोध्या से वाराणसी के लिए जल्द ही इंटरसिटी शुरु की जाएगी, अयोध्या कैंट से बाराबंकी रूट को भी इलेक्ट्रिक से जोड़ने के लिए मार्च तक रेल कर्मियों ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या कैंट से अयोध्या धाम व गोंडा के मनकापुर जंक्शन होते हुए बस्ती के लिए रवाना किया।मुख्य टिकट निरीक्षक अयोध्या कैंट अभिमन्यु सिंह ने बताया कि मार्च से अयोध्या कैंट से वाराणसी रूट के लिए भी इलेक्ट्रिक ट्रेन की शुरुआत होगी। वहीं दूसरी तरफ अयोध्या कैंट से बाराबंकी रूट को भी इलेक्ट्रिक से जोड़ने के लिए मार्च तक काम पूरा हो जाएगा।हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास ने इस सुविधा के लिए प्रसन्नता जताई और कहा कि अब समय आ गया है कि अयोध्या में ट्रेन की संख्या बढ़ाई जाय। बताते चले कि अयोध्या –वाराणसी इंटर सिटी ट्रेन गत वर्ष कोरोना काल के पहले से ही बंद चल रही है जिससे अयोध्या व काशी से जुड़े श्रद्धालुओं–पर्यटकों के साथ फूल व्यापारियों को अनेक प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैस डाक्टर संतोष पांडेय ने वाराणसी के लिए इंटर सिटी को जल्द चलाने की मांग की है।

## रौजागाँव चीनी मिल द्वारा किया गया रु 6.37 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट रौजागांव द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2021–22 में दिनांक 14 जनवरी 2022 तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 6.37 करोड़ रुपए का भुगतान दिनांक 24–01–2022 को कर दिया गया है तथा किसानों का गन्ना मूल्य किसानों के संबंधित बैंक खाते में भेज दिया गया है।चीनी मिल द्वारा वर्तमान पेराई सत्र में त्वारित गन्ना मूल्य भुगतान की योजना की जा रही है। चीनी मिल के यूनिट हेड निष्काम गुप्ता ने कृषको से अनुरोध किया है कि जिस क्षेत्र में प्रजाति को. 0238 में रेडरॉट का प्रकोप आ गया है उस क्षेत्र के किसान भाई अपने संबंधित मिल स्टाफ से मिल कर गन्ना बीज नर्सरी से को. 0118 गन्ना प्रजाति एवं को. 15023 गन्ना बीज सुरक्षित कराकर बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए सुनिश्चित करें साथ ही साथ किसान भाई जिन खेतों में रेडरॉट का प्रकोप है उस खेत में पेड़ी गन्ना न लें तथा उसमें फसल चक्र अपनाएं।इसी क्रम मे आगे बढ़ते हुए इकाई प्रमुख निष्काम गुप्ता ने किसानों को बलराम ऐप के बारे मे बताया कि बलराम ऐप का निर्माण गन्ने की खेती मे बढ़ते हुए लागत मूल्य को कम करने,वैज्ञानिक विधि से खेती करके अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने एवं कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते ऐप कृषकों के सशक्तिकरण के लिए टिकाऊ खेती करने और चीनी मिल से सीधे जुड़ने के लिए लाभदायक विकल्प है।इस मौके पर इकबाल सिंह महाप्रबंधक गन्ना ने बताया कि किसानों को पेड़ी प्रबंधन के लिए 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर पेड़ी प्रबंधन यंत्र(रैटून मैनेजमेंट डिवाइस)चीनी मिल द्वारा दिया जा रहा है जिसको किसान भाई पौधे गन्ने की कटाई के उपरान्त ठूंठों की छंटाई एवं खाद डालने हेतु प्रयोग करें इससे पेड़ी का फुटाव अच्छा होता है और कल्ले ज्यादा निकलते हैं जिससे पेड़ी कीअच्छी पैदावार मिलती है।महा प्रबंधक(गन्ना)द्वारा बताया गया कि अभी तक 35800 किसानों की पर्चियां निर्गत हुई हैं तथा 33853 किसानो द्वारा गन्ना आपूर्ति की गई है जिसके सापेक्ष 31852 किसानों को भुगतान किया जा चुका है।इसके साथ ही महा प्रबंधक(गन्ना)ने बताया कि किसानों को डीकंपोज प्रेस मड खाद ६5 प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही साथ चीनी मिल द्वारा फसल उत्पादन एवं फसल सुरक्षा हेतु बेंटोनाइट सल्फर, हेग्जास्टॉप, ट्राइकोडरमा, ग्रेन्यूल्स बायो पोटाश,कैल्शियम नाइट्रेट,कोराजन आदि खाद एवं दवाएं उचित दर पर दी जा रही हैं साथ ही महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से अपील की है कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई मे ट्रेंच विधि द्वारा ही गन्ने की बुवाई करें तथा मिल को साफ–सुथरा, जड़ ,मिट्टी, अगोला,पत्ती व हरा जूना रहित गन्ना ही आपूर्ति करें तथा पर्ची का एसएमएस आने के बाद ही गन्ने की कटाई करें।साथ ही कोहरे को देखते हुए चीनी मिल द्वारा ट्राली तथा ट्रकों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ–साथ जगह जगह पर अलाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

## मिल्कीपुर में कुएं में मिला घर से बाहर निकली युवती का शव : पुलिस जांच में जुटी

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : मिल्कीपुर में घर से निकली 19 वर्षीय नीतू पुत्री गगाराम का शव गांव के बाहर कुएं से बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची इनायत नगर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि युवती मानसिक विक्षिप्त थी, इलाज चल रहा था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इनायत नगर थाना क्षेत्र के बारुन चौकी क्षेत्र अंतर्गत डोभियारा पूरे नंदलाल पाठक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती नीतू पुत्र गंगाराम पासी बुधवार की शाम घर से बाहर किसी काम के लिए निकली थी। वह देर शाम तक जब अपने घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान कुछ ग्रामीणों ने बताया कि नीतू गांव के बाहर स्थित कुएं की तरफ जाती दिखाई पड़ी थी। इस पर जब उसके परिजनों ने कुएं के पास जाकर देखा तो उसका शव कुएं में दिखाई पड़ा। देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए ग्रामीणों ने घटना की जानकारी इनायतनगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर अमरजीत सिंह, चौकी प्रभारी बारुन पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की मदद से युवती का शव कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने युवती का शव पोस्टमार्टम हेतु भेजते हुए बताया कि युवती का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह विक्षिप्त थी। उसका इलाज भी चल रहा था हालांकि पुलिस मामले में छानबीन में जुटी है।

## जिला चिकित्सालय में 9 वर्षीय भर्ती बच्ची निकली कोरोना पॉजिटिव

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : जिला चिकित्सालय में 9 वर्षीय भर्ती बच्ची निकली कोरोना पॉजिटिव प्राप्त जानकारी के अनुसार मानवी निषाद पुत्री दीपक निषाद आयु 9 वर्ष निवासी जब्ती वजीरगंज कोतवाली नगर जनपद अयोध्या को बीते 24 जनवरी की प्रातः 7:15 पर जिला चिकित्सालय के चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती किया गया था आज करोना जांच रिपोर्ट आने पर चिकित्सक द्वारा 12:50 पर कोविड–19 अस्पताल दर्शन नगर को रिफर कर दिया गया है।

# गर्भावस्था में इम्यूनिटी कमजोर होने से संक्रमण की जद में आने से रहें सुरक्षित

जौनपुर सू.वि. : कोविड टीकाकरण आम लोगों की तरह ही गर्भवती व धात्री माताओं के लिए भी बहुत ही जरूरी है । गर्भवती के लिए तो यह इसलिए भी अधिक जरूरी है क्योंकि उनके खुद के साथ गर्भ में पल रहे शिशु की सुरक्षा भी जो उनसे जुड़ी है । गर्भवती व धात्री माताओं की बेहतर देखभाल के लिए घर–परिवार के सदस्य भी बराबर उनके निकट संपर्क में होते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए भी गर्भवती का कोविड टीकाकरण जरूरी है। प्रसव पूर्व जांच व अन्य गतिविधियों और प्रसव के दौरान चिकित्सक, एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उनके संपर्क में आते हैं । इस लिहाज से गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ ही कई अन्य की भी कोविड से सुरक्षा की दृष्टि से गर्भवती का टीकाकरण बहुत जरूरी हो जाता है । जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह बताते हैं कि कोविड का टीका गर्भवती व गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए पूरी तरह सुरक्षित व कारगर है, इसके लिए केंद्र सरकार की गाइडलाइन भी आ चुकी है । इसलिए कोविड टीके को लेकर किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ें। गर्भवती को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने में घर–परिवार के बड़े बुजुर्ग समेत मातृ स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां सहायक बन सकतीं हैं। गर्भधारण का पता चलने पर आशा कार्यकर्ता, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस पर उपस्थित महिलाएं, हर माह की नौ तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी, खुशहाल परिवार दिवस, अंतराल दिवस और गोदभराई जैसी सामुदायिक गतिविधियों के दौरान घर–परिवार व समुदाय की महिलाएं गर्भवती को कोविड टीकाकरण के लिए प्रेरित कर सकतीं हैं । उनको यह भी बताना जरूरी है कि गर्भावस्था के दौरान रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) कमजोर पड़ जाने के कारण भी संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है । इसलिए खुद के साथ अन्य की सुरक्षा के लिए वह जल्द से जल्द कोविड टीकाकरण करा लें । स्कूलों में चल रहे किशोर–किशोरियों का कोविड टीकाकरण इसका बड़ा उदाहरण है कि शिक्षकों व अन्य के प्रेरित करने से बहुत ही कम समय में बड़ी तादाद में किशोर–किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है । इसलिए सभी लोग ठान लें तो शत–प्रतिशत गर्भवती का भी कोविड टीकाकरण कम समय में ही पूरा किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्यव्रत त्रिपाठी का कहना है कि कोविड टीकाकरण के साथ ही गर्भवती और धात्री महिलाएं अपने खानपान का भी पूरा ख्याल रखें ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे और उनका शरीर संक्रामक बीमारियों से आसानी से लड़ सके। वह अपने भोजन में हरी साग सब्जियों को जरूर शामिल करें और चिकित्सक के बताए अनुसार आयरन व कैल्शियम की गोलियों का भी सेवन करें। इसके अलावा कोविड प्रोटोकाल का भी पालन पूरी तरह से करें, बहुत जरूरी होने पर ही बाहर जाएँ और इस दौरान मास्क जरूर लगाकर रखें, भीड़भाड़ में बिल्कुल न जाएँ। घर पर आने वाले मेहमानों से भी दो गज की दूरी बनाकर रखें और खाना बनाने, खाने से पहले और शौच के बाद साबुन–पानी से हाथों को अच्छी तरह से अवश्य धुलें। इसके अलावा हर गर्भवती प्रसव पूर्व चार जांच जरूर कराएं ताकि किसी भी उच्च जोखिम वाली स्थिति का पहले से पता चल सके । इससे सुरक्षित प्रसव में बड़ी मदद मिल सकती है।

# तेज रफ्तार डंपर से कुचलकर होटल के मैनेजर की मौत : देर रात हुआ हादसा

प्रयागराज ब्यूरो : सिविल लाइंस में लोकसेवा आयोग चौराहे के पास बीतीरात बेकाबू डंपर की चपेट में आने से एक होटल मैनेजर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की खबर परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। अल्लापुर में तिलकनगर के रहने वाले सचिन मिश्रा (25) सिविल लाइंस स्थित होटल रीजेंसी में मैनेजर पद पर कार्यरत थे। गुरुवार की देर रात वह होटल से घर जा रहे थे। अभी वह लोकसेवा आयोग चौराहे के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के चालक डंपर लेकर भाग निकला। चौराहे पर तैनात सिपाही मौके पर पहुंच गए। आनन फानन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी कि मौके पर ही मौत हो गई। जेब से मिले आईकार्ड के आधार पर उनकी पहचान हुई। जानकारी होने पर होटल के स्टाफ और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# छात्रा की हत्या और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बड़ा खुलासा : आरोपी अमन के मोबाइल से मिले अहम सबूत

प्रयागराज ब्यूरो : कर्नलगंज के सादियाबाद में बीए की छात्रा की हत्या और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी अमन के बरामद मोबाइल से अहम सबूत मिले हैं। आरोपी अमन मृतका से व्हाट्सएप चौट करता था और फोन पर बातचीत के दौरान उसके साथ गालीगलौज भी करता था। चौट देखने से यह भी पता चला कि कुछ दिनों पहले दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी। लेकिन इधर कुछ दिनों से अमन ने फिर उससे बोलचाल शुरू कर दी थी। इसके अलावा हिरासत में लिए गए दीपक से पूछताछ में पता चला है कि अमन फोन पर बातचीत के दौरान छात्रा से गालीगलौच भी करता था ।अगवा कर कुएं में फेंका गया था शव। छात्रा की हत्या में एक और हिरासत में, फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार। कर्नलगंज के सादियाबाद में बीए की छात्रा की हत्या के मामले में नामजद आरोपी अमन सिंह का एक और साथी हिरासत में ले लिया गया है। जांच पड़ताल के दौरान पूर्व में हिरासत में लिए गए दीपक से पूछताछ में उसका नाम सामने आया है। फिलहाल तीनों से पूछताछ जारी है। उधर पुलिस अफसरों का साफ कहना है कि फोरेंसिक रिपोर्ट मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मृतका से सामूहिक दुष्कर्म हुआ या नहीं। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।मूल रूप से सरायममरेज की रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा की हत्या कर शव सादियाबाद स्थित जंगल के कुएं में फेंक दिया गया था। 22 जनवरी की रात से गायब होने केबाद से उसकी तलाश चल रही थी और 24 जनवरी की रात उसका शव बरामद किया जा सका था। परिजनों ने शक के आधार पर अमन को नामजद करते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसे बाद में हत्या के मुकदमे में बदल दिया गया। तीन दिन बीतने के बाद भी अब तक पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। सबसे पहले अमन को लिया गया था हिरासत में। परिजनों की ओर से शक जताने के बाद ही पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद अमन को नामजद करते हुए उसे हिरासत में ले लिया था। उससे पूछताछ के आधार पर दीपक और फिर उसकेबयान के आधार पर दोनों के एक अन्य साथी को भी हिरासत में लिया। सूत्रों का कहना है कि घटना वाली रात अमन और उसके बीच रुपयों का लेनदेन हुआ था। संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा आरोपी रुपये क्यों दिए, इस बाबत वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा है। फिलहाल तीन दिन बीतने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। पुलिस अफसरों का कहना है कि हिरासत में लिए अमन व उसके दोस्तों से पूछताछ चल रही है। अमन मृतका से जान पहचान होने के साथ ही यह भी स्वीकार कर रहा है कि वह घटना वाली रात उससे मिलने गया था। लेकिन हत्या में संलिप्तिता की बात से इंकार कर रहा है। फिलहाल वैजाइनल स्वैब व स्लाइड की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसे देखने के बाद ही स्पष्ट होगा कि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म हुआ या नहीं। एफएसएल रिपोर्ट से कई अन्य बातें स्पष्ट हो जाएंगी। इसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच पड़ताल में ऐसे कई तथ्य सामने आए हैं, जो नामजद आरोपी को शक के दायरे में लाने के लिए काफी हैं। घटना में उसकी संलिप्तता है या नहीं, यह एफएसएल रिपोर्ट मिलने के बाद काफी हद तक स्पष्ट हो जाएगी। – अजय कुमार, एसएसपी पिता का आरोप, सामूहिक दुष्कर्म हुआ बेटी से। उधर मृतक छात्रा के परिजनों ने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि उनकी बेटी के साथ दरिंदगी की गई। उन्होंने तीन दिन बाद भी कार्रवाई न होने को लेकर पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े किए। कहा कि मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई, इस बाबत पुलिस कुछ स्पष्ट नहीं बता रही है। कभी एक तो कभी दो आरोपियों के हिरासत में होने की बात बताई जाती है। यहां तक कि अब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे से वह अपनी पत्नी व अन्य परिजनों संग थाने पर बैठे रहे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाबत पूछने पर पुलिसकर्मी इधर–उधर की बात करते रहे। शाम चार बजे अफसरों से बात करने पर बताया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए एसएसपी कार्यालय में आवेदन व निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। पिता का आरोप है कि अमन ने किताब लेने के बहाने उनकी बेटी को बुलाया था।

# डॉ राजीव लोचन शुक्ला ने मजबूत सरकार बनाने की अपील की

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिकंदरा कानपुर देहात की विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल के चुनाव प्रचार में श्रीमती



गीता शाक्य राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा के साथ डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने सिकंदरा ग्राम बीसलपुर आदि कई जगहों पर भाजपा को जिताने की अपील की। योगी जी व मोदी जी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने की अपील की।

# गणतंत्र दिवस समारोह मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गणतंत्र दिवस समारोह मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक आनंद शंकर श्रीवास्तव एडवोकेट ने झंडा रोहण कर सलामी दिया। कार्यक्रम में मां सरस्वती संस्थापक स्व. मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश श्रीवास्तव मोहन शंकर श्रीवास्तव जनरल सेक्रेटरी कायस्थ पाठशाला सोसाइटी एवं अनीश श्रीवास्तव सुभाष मिश्रा आनंद मिश्रा मनोज कुमार डॉ रेखा सिंह रमेंद्र नाथ संजय श्रीवास्तव एडीजीसी कायस्थ महा सभा के प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव (दीपक) पत्रकार सहित समस्त अध्यापक गण व कर्मचारी गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। छात्र–छात्राओं ने सरस्वती वंदना व देश भक्ति गीत गाया। अध्यक्षता रमेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने की संचालन डॉ रेखा सिंह ने किया अंत में प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतन्त्र दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गणतन्त्र दिवस के अवसर पर तहसील में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ,तहसील बार एसोसिएशन कार्यालय पर राजमणी यादव एडवोकेट , महर्षि मूलचंद यादव महिला कालेज नदौली पर इन्जीनियर चन्द्रजीत यादव, एस डी पब्लिक स्कूल हुरहुरी पर प्रबंधक डा0 राजेश सिंह , एवं सेनापुर शहीद स्तम्भ पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इस अवसर पर सेनापुर शहीद स्तम्भ पर भारी संख्या में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों व ग्रामीणो को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी श्री चौरसिया व पत्रकार अब्दुल हक अंसारी ने लोगो से देश की एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने की अपील किया ।तथा शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसी प्रकार ग्राम मुर्की में सभी आजाद हिन्द फौज के सेनानियो के पुत्रो व पौत्रो को भी उपजिलाधिकारी श्री चौरसिया व ग्राम प्रधान मो0 सादिक ने सम्मानित किया । इसी प्रकार ग्राम डेहरी में कराटे खिलाड़ियो ने अपने बेहतरी खेलो का प्रदर्शन कर सबका मनमोह लिया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने कनाडा में होने वाले अन्तरराष्ट्रीय कराटे चौम्पियनशिप में चयनित डेहरी के सभी खिलाड़ियो को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर तहसीलदार राम सुधार, प्रधान पति फरहान अहमद, गुड्डू खान, सुबाष यादव प्रधान छितौना, रामसमुझ यादव प्रधान पूरनपुर आदि उपस्थित रहे।

## 73वे गणतन्त्र दिवस पर लोगों ने हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए किया नमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोविड गाइड के नियमों का पालन करते हुए क्षेत्र में सभी सरकारी, अर्ध्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों पर 73वे गणतन्त्र दिवस पर लोगों ने हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए नमन किया । कोतवाली पर प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा, तहसील भवन पर एसडीएम लाल बहादुर ,अधिवक्ता संघ भवन पर संघ के अध्यक्ष हरी लाल पाल, सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य बेचन सिंह , सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ एस पी सिंह, सीएससी पर अधीक्षक डॉ संजय दुबे, श्री शारदा देवी महिला महाविद्यालय कड़ेरेपुर में प्रबंधक संजय सिंह गुड्डू , श्री गणेश राम इंटर कॉलेज बटाऊबीर में प्रधानाचार्य अनिल यादव ने ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया!

## गण तंत्र दिवस पर शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र में 73वे गणतन्त्र दिवस पर लोगों ने हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया ।जब कि स्थानीय बाजार स्थित यूनियन बैंक शाखा पर झंडारोहण नही किया गया जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने क्षोभ प्रगट करते हुए हेड आफिस फोन कर शिकायत दर्ज कराई है। ब्लॉक मुख्यालय पर क्षेत्र प्रमुख संजय सिंह,थाना कार्यालय पर एसओ सन्तोष राय, बीआरसी पर बी इ ओ राजीव कुमार यादव, बिपणन कार्यालय फतेहगंज पर एसएमआई शैलेश सिंह,इंटर कालेज यादव गंज पर प्रबन्धक शोभ नाथ यादव,माँ शारदा विद्यालय खाना पट्टी पर प्रबन्धक जगदीश सिंह,इण्टर कालेज दुदौली पर प्रधानाचार्य डॉ बिपिन सिंह, इंटर कालेज रीठी पर हृदय नारायण सिंह,जी बी पन्त पीजी कालेज प्रताप गंज पर प्रबन्धक सुधीर उपाध्याय, माता प्रसाद आदर्श पीजी कालेज भभौरी गोदाम पर प्रबन्धक डॉ एस बी सिंह, लेधुआ के रामजानकी मंदिर परिसर में 103 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक शिव बरन यादव, प्राथमिक विद्यालय सिकरारा पर ग्राम प्रधान जेबा परवीन,गोहदा पर प्रधान नन्हे लाल पटेल, हरीरामपुर पर प्रधान राजेश यादव, सैदपुर पर प्रधान ब्रह्मदत्त गिरि ने झंडारोहण किया।

## सपा ने जौनपुर से 4 प्रत्याशियों के नाम किया घोषणा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सपा ने सातवें चरण के चुनाव को लेकर गुरुवार को जारी किए प्रत्याशियों की सूची में जौनपुर के 4 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। जिसमें मल्हनी के मौजूदा विधायक लकी यादव, शाहंगज के मौजूदा विधायक शैलेंद्र यादव,बदलापुर से पूर्व विधायक बाबा दुबे व केराकत से पूर्व सांसद तूफानी सरोज पर दांव खेला है ।फिलहाल अखिलेश ने इस बार इन चेहरों पर विश्वास कर कितना सही होगा ये तो आने वाला 10 मार्च ही बताएगा ।फिलहाल इन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद जौनपुर की राजनैतिक सरगर्मियां और बढ़ गई है ।शैलेंद्र यादव शाहंगज से विधायक है ।और उनका क्षेत्र में काफी दबदबा भी है ।जिसके कारण कोई अन्य पार्टी आजतक उभर नहीं पाई है ।तो वही मल्हनी से लकी यादव अपने पिता स्व0 पारसनाथ यादव के राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभाते हुए उप चुनाव जीत कर सपा के झोली में सीट डाली थी ।इसको देखते हुए सपा मुखिया अखिलेश दोबारा विश्वास जताते हुए लकी यादव को प्रत्याशी बनाया घोषित किया है।

## पतंग उड़ाते समय छत से गिरकर बालक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के चौहट्टा वार्ड निवासी एक बालक बृहस्पतिवार की शाम अपनी छत पर पतंग उड़ा रहा रहा था उसी समय असंतुलित होकर नीचे गिर गया परिजनों ने घायल अवस्था मे अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पर उसकी स्तिथि नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड नम्बर 8 चौहट्टा निवासी अब्दर्रहीम का दस वर्षीय पुत्र ओबैद मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ छत से पतंग उड़ा रहा रहा था उसी समय असंतुलित होकर वह छत से नीचे गिर गया जिससे उसको गम्भीर चोटें आई परिजनों ने घायल अवस्था मे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पर उसका इलाज चल रहा है स्तिथि नाजुक बनी हुई है।

## सपा कार्यालय हनुवाडीह के सामने सपाइयों ने फूंका तूफानी सरोज का पुतला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत विधान सभा क्षेत्र की सीट पर तूफानी सरोज को टिकट दिए जाने को लेकर सपाइयों में रोष होने के कारण सपा के सक्रिय कार्य करता ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में सपा कार्यालय हनुवाडीह कार्यालय के सामने उनका पुतला दहन किया गया। इस पुतला दहन में शामिल होने वाले कार्यकर्ता उमा यादव, सुनील यादव ,सन्तराज नागर ,मुन्ना, आदि तमाम लोग शामिल रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए दो सूचीबद्ध चिकित्सालयों को राज्य स्तर से किया गया चिन्हित

जौनपुर सू.वि. : गणतंत्र दिवस पर आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में बेहतर इलाज और सुविधा देने पर जिले के दो सूचीबद्ध चिकित्सालयों को सम्मानित किया गया है। सरकारी अस्पतालों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बख्शा एवं निजी चिकित्सालयों में ईशा हॉस्पिटल का राज्य स्तर पर पुरस्कृत करने के लिए चयन किया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने सीएचसी बख्शा एवं ईशा हॉस्पिटल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अगस्त 2021 से दिसम्बर 2021 के बीच योजना में उत्कृष्ट कार्य (सर्वाधिक इलाज के आधार पर) करने वाले एक निजी चिकित्सालय एवं एक राजकीय सूचीबद्ध चिकित्सालय को चिह्नित किया जाता है। योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने में सूचीबद्ध चिकित्सालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। योजना के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ राजीव कुमार ने बताया कि जनपद में अब तक योजना के तहत 12,460 मरीजों का इलाज हो चुका है जिसमें करीब 14 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। योजना के तहत जिले में कुल 2,83,545 लाभार्थी परिवार हैं जिसमें से करीब 3.38 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने सभी सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों को आयुष्मान भारत योजना में लाभार्थी मरीजों को भर्ती कर उन्हें योजना का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही शेष बचे लाभार्थियों के भी आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बख्शा के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ जीके सिंह ने बताया कि किसी भी सीएचसी पर मिलने वाली सारी सुविधाएं बख्शा में निःशुल्क उपलब्ध हैं। डिलीवरी, हाइड्रोसील का आपरेशन, डायरिया आदि का इलाज यहां आसानी से हो जाता है। समस्त सरकारी योजनाएं लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। यहां पर आयुष्मान भारत के लिए अलग से कमरा है। आयुष्मान कार्डधारक कोई भी यहां आकर मिलने वाली सुविधा का लाभ उठा सकता है। आयुष्मान भारत योजना के तहत यहां पर अभी तक 32 लोगों का इलाज हुआ है जिसमें ज्यादातर डायरिया, बुखार आदि के मरीज हैं। उन्होंने कहा कि जो भी अच्छा काम करेगा, वह पुरस्कृत होगा। पुरस्कार मिल जाने से आगे भी जनपद में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहने के लिए उत्साह बढ़ा है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मेरे काम को जिले और सरकार ने पहचाना। इसके लिए हम दोनों के आभारी हैं। ईशा हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ रजनीश श्रीवास्तव तथा डॉ स्मिता श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। हास्पिटल के प्रशासक तथा नोडल अधिकारी डॉ विनय सिंह ने बताया कि ईशा हॉस्पिटल में 20 से अधिक सेवाएं दी जाती हैं जिनमें से 14 सेवाएं आयुष्मान भारत योजना में सूचीबद्ध हैं। हास्पिटल में जनरल सर्जरी, आंख, नाक, कान का इलाज, महिला रोग, आर्थोपेडिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, क्रिटिकल केयर, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक, निओ नेटल, गुर्दा रोग व नेफ्रोलॉजी की सेवाएं सूचीबद्ध हैं। ज्यादातर आयुष्मान भारत योजना में जनरल सर्जरी, यूरो सर्जरी, आर्थो सर्जरी, हीमो डायलिसिस के लिए रोगी आते हैं। आयुष्मान भारत के तहत अभी तक ईशा हास्पिटल में 3800 के लगभग मरीजों का इलाज हो चुका हैं। उन्होंने योजना में बेहतर सेवा देने के लिए पुरस्कृत होने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि पुरस्कार हमेशा और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पुरस्कार मिल जाने से और भी अधिक लोगों को योजना से लाभान्वित करने के प्रति हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा, डॉ प्रभात कुमार, जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह, जिला शिकायत प्रबंधक अवनीश श्रीवास्तव, राजू यादव, विनोद मौर्या आदि उपस्थिति रहे।

# दो विधानसभा के चुनाव संचालक समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर विधानसभा की बैठक ओलन्दगंज स्थित जे पी होटल में गुरुवार को विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राकेश द्विवेदी ने चुनाव संचालन समिति की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक हुई तैयारियों व सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा की और कहा कि विधान सभा चुनाव संचालन टोली पर चुनाव की पूरी जिम्मेदारी है। हर वर्ग में संपर्क के लिए टोली विधान सभावार बनाकर सम्पर्क करें, शक्ति केंद्र टोली और बूथ टोली को सक्रिय करें क्योंकि यह टोली चुनाव में निर्णायक होगी। बदलापुर विधानसभा की बैठक बलराजी देवी पब्लिक स्कूल पुरानी बाजार बदलापुर में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि राकेश द्विवेदी ने कहा कि अब असली लड़ाई तो बूथ पर होगी, सरकार के कार्य को गिनाएं और सकारात्मक चर्चा करें। सपा, बसपा की कमियां गिनाएं, हर बूथ पर 60 फीसदी मत यानी प्रथम श्रेणी बूथ लाने का प्रयास करे, संवाद और संपर्क बढ़ाकर पूरी ताकत लगाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में जनता का विश्वास बढ़ा है। हमें मंडल, शक्ति केंद्र, पन्ना प्रमुख व बूथ समिति को सक्रिय रखते हुए फुलप्रूफ बनाना है। बूथ प्रबंधन को तेज करना होगा। जनता पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी और 2017 से बड़ी जीत 2022 में होगी। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, पूर्व विधायक जौनपुर सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, प्रवासी राजेन्द्र श्रीवास्तव, श्याम मोहन अग्रवाल,ब्रह्मेश शुक्ला अजय सिंह, मंडल अध्यक्ष गण अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, राजकेशर पाल, मदन सोनी, धर्मेंद्र मिश्रा, विनोद शर्मा, बलबीर गौड़, लवकुश सिंह, विनोद मौर्य सह मीडिया प्रभारी सुशांत चौबे एवं दोनों विधानसभा के चुनाव संचालन समिति उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित पुलिस चौकी का हुआ लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहा थाना क्षेत्र के सरायमोहिऊद्दीनपुर बाजार में गुरूवार को नवनिर्मित पुलिस चौकी का लोकार्पण जिले के अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा०संजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस को जनता का सच्चा हितैषी बताया द्यउन्होने कहा कि मौसम का परवाह किए बिना वह 24घण्टे जनता के सहयोग में मुस्तैद रहती हैद्य क्षेत्राधिकारी शाहगंज अंकित कुमार ने भी लोगों को सहयोग भावना का पाठ पढ़ाया द्यगौरतलब हो कि पूर्व में स्थापित उक्त पुलिस चौकी ट्रक हादसे में बुरी तरह से ध्वस्त हो गयी थीद्यपुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के दिशानिर्देशन और स्थानीय लोगों के सहयोग से उक्त पुलिस चौकी का नवनिर्माण हुआद्यइस दौरान प्रभारी निरीक्षक सरपतहा संजय सिंह,चौकी प्रभारी रामदवर यादव,हेड कान्सटेबल पारस नाथ यादव,हिमांशु सिंह,राहुल मिश्र समेत तमाम बाजारवासी रहे।

# जौनपुर प्रेस क्लब के चुनाव में सर्वसम्मत से पुनः चुने गये कपिल देव मौर्य अध्यक्ष और शम्भुनाथ सिंह महामंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पत्रकार भवन में आज आयोजित जौनपुर प्रेस क्लब की बैठक में संगठनात्मक मुद्दो पर चर्चा के पश्चात आगामी सत्र के लिए जिला कमेंटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मत से जिलाध्यक्ष पद कपिल देव मौर्य और महामंत्री के पद पर शम्भुनाथ सिंह को चुनते हुए सदन ने अध्यक्ष को अधिकार दिया कि वह जिला कमेटी के अन्य पदाधिकारियों का चयन करे। इसके बाद अध्यक्ष और महामंत्री ने संयुक्त रूप से विचार विमर्श के बाद राकेश कान्त पान्डेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजेश यदुवंशी, फूलचन्द यादव, लक्ष्मी नारायण यादव और आशीष पान्डेय को उपाध्यक्ष बनया गया है राजदेव यादव कोषाध्यक्ष बने, दीपक सिंह रिंकू, सुशील कुमार स्वामी, मो अब्बास, अवधेश तिवारी, मनीष कुमार सिंह को संगठन मंत्री बनाया गया ।आसिफ खान आय व्यय निरीक्षक बने, लल्लन मौर्य, सुजीत कुमार वर्मा, शशिकांत मौर्य, कमलेश मौर्य को मंत्री पद का दायित्व दिया गया है, संयुक्त मंत्री श्रमित उपाध्याय और मीडिया प्रभारी जुबेर अहमद को बनाया गया। श्वेताभ पान्डेय, आलोक सिंह, सुनील मिश्रा ,रत्नेश यादव, अरूण कुमार श्रीवास्तव,दीपक श्रीवास्तव, ओमप्रकाश दूबे को कार्यकारणी का सदस्य बनाया गया है बड़ी संख्या में उपस्थित प्रेस क्लब के सदस्यो ने नव चयनित जिला कमेंटी का करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए बधाई ज्ञापित किया है। इस अवसर पर सर्वसम्मत से पुनःअध्यक्ष चुने जाने के पश्चात कपिल देव मौर्य ने प्रेस क्लब के साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा



कि अभी तक जिस जिम्मेदारी के साथ पत्रकार साथियों के खड़ा रह कर उनके सुख दुख का भागीदार बनता रहा आगे भी प्रयास होगा कि हम पत्रकार साथियों के विश्वास पर खरा उतर सकूं। साथ ही प्रेस क्लब के सभी सदस्य से अपील भी किया कि वह समाज के प्रति अपने दायित्वो का निर्वहन पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ करें अगर कहीं कोई समस्या आती है तो संगठन के पटल पर रखे संगठन हर संभव पत्रकार हित के लिए लड़ने को संकल्पित है। बैठक का संचालन महामंत्री शम्भुनाथ सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने मनाया गणतंत्र दिवस

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव , जिला अध्यक्ष शिवम राजपूत, अतुल राजपूत आदि पदाधिकारियों ने सभी को स्वल्पाहार वितरित किया और चुनाव में सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। क्योंकि ये चुनाव भारतमाता की अस्मिता तथा राष्ट्रीयता से जुड़ा हुआ है। आप सभी का मत



डालना अनिवार्य है। अंत में अतुल राजपूत ने आभार व्यक्त किया।

# योगी के गोरखपुर जाने से रोज नए नामों पर लग रहे कयास : पैरोकार दिल्ली में

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के विधानसभा अयोध्या जो भाजपा को अभेद्य किला माना जाता है वहां विस चुनाव में टिकट वितरण में पार्टी अनिर्णय के दौर में चल रही है।अयोध्या जिले की पांचों सीटों पर जहां सभी दलों की स्थिति स्पष्ट होती जा रही है,वहीं भाजपा अभी तक अनिर्णय की स्थिति में है।सबसे ज्यादा कयास सदर सीट अयोध्या विधानसभा क्षेत्र को लेकर लगाए जा रहे हैं।पार्टी में अनिर्णय की स्थिति से वर्तमान विधायक भी संशय में हैं। योगी आदित्यनाथ के अयोध्या छोड़कर गोरखपुर जाने से अयोध्या सदर के दावेदारों की बेचौनी कुछ कम हुई है पर रोज नए नाम पर लग रहे हैं कयास योगी आदित्यनाथ के अयोध्या छोड़कर गोरखपुर जाने से अयोध्या सदर के दावेदारों की बेचौनी कुछ कम हुई है पर रोज नए नाम पर लग रहे हैं।वही कयास नित नए नाम की चर्चा किसी को चौन नहीं लेने दे रही, हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर सदर से प्रत्याशी घोषित हो जाने से अयोध्या सदर के दावेदारों की बेचौनी थोड़ी कम अवश्य हुई हैं लेकिन नित नए नाम की चर्चा किसी को चौन नहीं लेने दे रही है।दावेदारों के पैरोकार लखनऊ दिल्ली एक किए हुए हैं।अयोध्या सदर विधायक योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर जाने के साथ ही चुनावी गतिविधियां प्रारंभ करने जा ही रहे थे कि एक खेमे से भाजपा के फायरब्रांड नेता पूर्व सांसद विनय कटियार का नाम चलने लगा। वह यहां से तीन बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि चुनाव लड़ने पर सरकार में अपनी स्थिति को लेकर स्पष्ट उत्तर ना मिलने पर वह शांत हो गए हैं। अब पिछड़ा व्यवसायी वर्ग से आने वाले सुशील जायसवाल ने इस सीट से भाजपा के टिकट की दावेदारी पेश की है,जबकि वह निर्दलीय चुनाव लड़ कर जमानत जब्त करवा चुके हैं। आरएसएस,विहिप और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के वह दुलारे हैं, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने भी अभी दावेदारी से कदम पीछे नहीं खींचे है और आरएसएस,विहिप और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के वह दुलारे हैं।महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा और युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह भी अभी टिकट की आस इसी क्षेत्र से लगाए बैठे हैं। एक और दावेदार अभय सिंह भी टिकट की कतार में हैं।अमीरचंद जायसवाल कई बार से टिकट की दावेदारी करते रहे हैं। बीकापुर में टिल्लू सहित कई दावेदार, इसी तरह पेंचीदा स्थिति बीकापुर विधानसभा क्षेत्र की भी है।जिला सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू यहां से टिकट की प्रत्याशा में पिछले चुनाव से ही हैं। ऐन मौके पर सिटिंग विधायक शोभा सिंह के भाजपा में आ जाने से पिछले चुनाव में उनका खेल खराब हो गया था। इस बार शोभा सिंह के पुत्र अमित सिंह अपने पिता मुन्ना सिंह की विरासत के आधार पर दावेदारी कर रहे हैं और उनकी मां शोभा सिंह विधायक हैं ही। इसी क्षेत्र से भाजपा नेता कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू भी दावेदार हैं।वही इसी कडीघ् में रामचंद्र के सामने भी कई दावेदार,गोरखनाथ को भी अपनों से ही चुनौती, रुदौली में टिकट को लेकर विधायक रामचंद्र यादव के सामने राम भक्त बब्लू खान ने ताल ठोक दी हैस वहीं अपने धन व संबंधों में बल पर समाजसेवी विनोद सिंह यहां से टिकट के लिए ऐड़ी–चोटी का जोर लगाए हुए हैंस इसके लिए उनके परिजन संतों की गणेश परिक्रमा भी कर रहे हैं।मिल्कीपुर में बाबा गोरखनाथ के सामने पार्टी नेता राममोहन भारती सहित कई लोगों टिकट की मांग कर रहे हैं।पार्टी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के अनुसार अगले दो दिनों में अयोध्या की सीटों का टिकट फाईनल हो जाएगा। सभी केवल कयास लगा रहे हैंस सच्चाई चंद लोग ही जानते हैं।गोशाईगंज से खब्बू तिवारी की धर्मपत्नी आरती तिवारी टिकट की दावेदार दिख रही हैं।गोशाईगंज से खब्बू तिवारी की धर्मपत्नी आरती तिवारी टिकट की हैं दावेदार, गोशाईगंज से खब्बू की धर्मपत्नी आरती तिवारी मैदान में, जिले की प्रतिष्ठा पूर्ण गोसाईगंज विधानसभा से विधायक रहे इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के पक्ष में विधानसभा के ब्राह्मण मतदाता बिल्कुल लामबंद हो गए हैं।विधानसभा क्षेत्र के ब्राह्मणों ने भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले विधायक इंद्र प्रताप तिवारी की पत्नी आरती तिवारी को प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर पुरजोर मांग की है।ब्राह्मणों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी आरती तिवारी को गोसाईगंज से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने हेतु अपनी मांगों का मैसेज भी भिजवा दिया है।

# 73 वे गणतंत्र दिवस पर भारती सेवा संस्थान के पदाधिकारियो ने कई लोगों को कंबल वितरित कर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में जहाँ एक ओर 73 वाँ गणतंत्र दिवस सरकारी गैरसरकारी, निजी सस्थानो पर तिरंगा झंडा फहराकर व रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया गया।वही इसी कडीघ में इस मौके विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा जिला चिकित्सालय,निजी अस्पतालों में मरीजो व उनके परिजनो के साथ साथ अन्य जगहो पर जरुरत मंद लोगों को फल वितरण किया गया।वही इस मौके पर जिले में सक्रिय संस्था भारती सेवा संस्थान के पदाधिकारियो ने इस कड़ाके की ठंड में अयोध्या नगर के देवकाली,चौक,रिकाबगंज,गुदडीघ बाजार,रेलवे स्टेशन,बस स्टेशन,फतेहगंज,सरायो,रैन बसेरो,जिला अस्पताल सहित अनेक जगहो पर जाकर,रिक्सा चालको, गरीबो,असहायो,मजदूरो,पटरी पर रहने वाले लोगों को कंबल व अन्य जरुरत मंद सामान वितरित कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया।इस मौके पर कंबल पाकर लोगो मे खुशी का ठिकाना न रहा।इसके साथ ही साथ वे इस संस्था के पदाधिकारियो को आशीर्वाद देते दिखे।इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया









कि परोपकार से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नही है।गरीबो व जरुरत मंद लोगों की मदद करना सच्ची सेवा है।इस मौके पर शशांक श्रीवास्तव,निशांत कमल, शिवम् श्रीवास्तव,प्रिंस जायसवाल,शुभम् गुप्ता,अमरदीप,रवि यादव,प्रयास कसौधन सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लोक जनशक्ति पार्टी उत्तर प्रदेश में 100 सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूत्र के मुताबिक लोक जनशक्ति पार्टी ने अयोध्या विधानसभा से चौधरी अरुण कुमार कोरी को और बीकापुर विधानसभा से शिव बहादुर पासवान को अपना प्रत्याशी घोषित किया।वही लोगो के मुताबिक चौधरी अरुण कुमार कोरी जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले और संघर्षशील व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं उन्होंने हमेशा न्याय और लोगों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष किया है।चौधरी अरुण कुमार कोरी स्वर्गीय रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश महासचिव है।उन्होंने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा मुद्दा समता समानता परबुद्धता है।इस मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी हम अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे।उन्होंने कहा हम हक और न्याय गरीबों की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे।हारना और जीतना अपनी जगह है लेकिन कम से कम हमारी आत्मा को यह संतुष्टि रहेगी कि हमने न्याय और हक इंसानियत के लिए लड़ाई लड़ी है गरीबों का हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी है चौधरी अरुण कुमार कोरी ने कहा कि पत्रकार ऐसा वर्ग है जो दूसरों की लड़ाई लड़ता है दूसरों की आवाज उठाता है पर उसकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं है लेकिन लोक जनशक्ति पार्टी पत्रकार साथियों की आवाज विधानसभा और लोकसभा में जरूर उठाएगी।

## सपा व बसपा छोड़ सैकड़ो मुस्लिम कार्यकर्ता व प्रधान अपने समर्थकों के संग थामा भाजपा का दामन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)जिले के रुदौली तहसील में सपा व बसपा छोड़ सैकड़ो मुस्लिम कार्यकर्ता व प्रधान ने अपने समर्थकों के संग भाजपा का दामन थामा है।इस मौके पर भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने बताया कि सैकड़ो कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराया गया है।जिससे रूदौली में फिर से भाजपा की जीत तय है।शामिल होने वालों में मुख्य रूप से वाजिदपुर से कासिम अली,कोपेपुर से मो.ताज,कोटरा से मो.खालिद पप्पू बीडीसी,मो. हामिद,हसनामऊ से मो.आलम,मो.केफी,हलीम नगर से प्रधान मो. एजाज,तुफैल अहमद,भिटौरा से मो.सहीम,खुर्दहा से मौलवी इलियास,ईचोलिया से साकिर अली,खंड पिपरा से फिरदौस आलम बीडीसी,कोटरा से अब्दुल हामिद,बहोरीपुर से अब्दुल हामिद,कसारी से जमाल अहमद,बिहारा से मोहम्मद रमजान,मंजनपुर से कमर अब्बास,जुनेदपुर से अजीज अहमद,मोहम्मद इलियास,गेरौंडा से मोहम्मद सुफियान,चांद अंसारी,मुनमुनाबाद से मोहम्मद इमरान,मोहम्मद जीशान,मोहम्मद सहीम,रसीद पट्टी से कादिर खान,शाहिद अली,सराय अहमद से जिया उल हक,चंद्रामऊ से शकील खान,रसूलपुर बेतौली से मोहम्मद राशिद,चंद्रामऊ मंगा से मोहम्मद अनवर खान,दिलशाद खा सहित विभिन्न गांवों से लगभग दो सौ लोग भारतीय जनता पार्टी शामिल हुए।

# कोरोना महामारी में जन सेवा के लिये गणतंत्र दिवस पर चिकित्सक व स्टाफ हुआ सम्मानित

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कोरोना महामारी के दौरान अपने कर्तव्य और दायित्व का निर्वहन करते हुए मेडिकल स्टाफ की ओर से मरीजों की सेवा की गई।73 वें गणतंत्र दिवस पर जिला अस्पताल प्रशासन ने उल्लेखनीय सेवा के लिए चिकित्सकों समेत अन्य स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।गणतंत्र दिवस पर जिला अस्पताल में आयोजित समारोह में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ चिरंजी राय और वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन तथा पूर्व प्रभारी सीएमएस सी बी ई एन त्रिपाठी ने सभी चिकित्सकों व स्टाफ को सम्मानित किया।यह सम्मान पाने वालों चिकित्सकों में वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन आशीष श्रीवास्तव आई एम आशीष पाठक डॉक्टर जयसिंह चौरसिया डॉक्टर मोहम्मद सादिक सर्जन डॉक्टर ए के सिन्हा ईएनटी डॉक्टर एसपी राय आर्थो डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार डॉ विपिन कुमार वर्मा सर्जन डॉक्टर प्रकाश सिंह डॉक्टर आरसी गुप्ता तथा फार्मासिस्ट में संजय गुप्ता हनुमंत दुबे सर्वेश श्रीवास्तव बीके श्रीवास्तव बीएनआर उपेंद्र त्रिपाठी विजय वर्मा शामिल रहे। लिखा वही मटन निर्मला यादव और स्टाफ नर्स इंदिरा राय हेमलता हिना शिप्रा यादव अर्पिता गोस्वामी विलास चौधरी चंद्रप्रकाश सिंह ममता मिश्रा के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मी साथ बच्चा लाल धीरज भोला व धनीराम को सम्मानित किया गया।

# अकबरपुर विधानसभा में प्रियंका जायसवाल कांग्रेस प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के गढ़ में दे सकती है चुनौती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अयोध्या मंडल में अंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने जिला पंचायत अंबेडकरनगर की पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका जायसवाल को मैदान में उतारा है।मालूम हो कि प्रियंका जायसवाल कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अमित जायसवाल की पत्नी हैं।सूत्र के मुताबिक उनका मुकाबला यहां से पांच बार के विधायक रामअचल राजभर से होगा जो इस बार सपा के प्रत्याशी होंगे।राजनीतिक विशेषज्ञों के मुताबिक अकबरपुर उन विधानसभा क्षेत्रो में है जहां भाजपा का प्रभाव कम है।वही इस बार विधानसभा चुनाव में श्रीमती प्रियंका जायसवाल को चुनाव मैदान में उतारकर कांग्रेस ने बड़ा महिला कार्ड खेला है जो इस चुनाव के समीकरण बदल सकती है।वैसे तो प्रियंका जायसवाल के लिए राजनीति कोई नया क्षेत्र नहीं है। वे 2011 से 2016 तक जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं।वही उनके पति अमित जायसवाल कांग्रेस के जाने माने नेता हैं और 2012 में कांग्रेस ने उन्हें अकबपुर से चुनाव लड़ाया था।हालांकि वह चुनाव हार गए थे।यहां महत्वपूर्ण बात यह



है कि अकबरपुर सीट रामअचल राजभर का गढ़ है जो 1993 से बसपा के टिकट पर लगातार जीतते आ रहे हैं।2012 के चुनाव में वह नहीं लड़े थे और तब यह सीट सपा ने बसपा से छीन ली थी।लेकिन 2017 में रामअचल राजभर फिर यहां से जीते। कांग्रेस 1980 से यह सीट नहीं जीत पाई है।लेकिन इस बार चुनावी समर में प्रियंका जायसवाल की दावेदारी को कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता।इस चुनाव में बाजी कौन मारता है यह तो 10 मार्च को विधानसभा के नतीजा आने के बाद पता चलेगा।

# भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यालय का उद्घाटन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अयोध्या महानगर स्थित आशापुर क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के कार्यालय का किया गया उद्घाटन संगठन के मंडल अध्यक्ष ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।इस मौके पर पदाधिकारियों के बीच बैठक करके अयोध्या जिला का सर्व सम्मति से बृजेश वर्मा को जिला अध्यक्ष गया वहीं पूर्व में रहे जिला अध्यक्ष परसराम यादव को मंडल प्रभारी बनाया साथ ही और कई फेरबदल करते हुए संगठन के ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कई ठोस निर्णय लिये।इस मौके पर नरेंद्र तिवारी ने पत्रकारों को बताया कि आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में जो किसानों के हित की बात करेगा किसान उसी को मजबूत करेगा।किसानों की उपेक्षा हमेशा से होती चली आ रही है।इस देश का किसान परेशान है नेता मालामाल है।मंडल अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी आगे कहते हैं संगठन की मजबूती एवं किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन अब चुप नहीं बैठेगा।किसानों का शोषण बहुत हो चुका जो बर्दाश्त से बाहर है।कार्यालय पर हर माह किसान पंचायत लगाई जाएगी जिसमें किसानों के सामने आने वाली समस्याओं का निराकरण कार्यालय पर पंचायत के माध्यम से हल किया जा सके कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में कोविड 9 का पालन करते हुए संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे प्रमुख रूप से बृजेश वर्मा दिनेश मौर्या ब्लॉक अध्यक्ष पूरा बाजार बजरंगी यादव ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा परमजीत महिला जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीनानाथ पाठक गुलाबचंद अनंतराम प्रजापति केशो राम वर्मा लीलावती पुष्पेंद्र सभाजीत तिवारी केदारनाथ वर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन ने जारी किया मतदाता पहचान पत्र के अलावा कई विकल्प

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा जैसे मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंकोंध्डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रध्राज्य सरकारध्लोक उपक्रमध्पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र एवं यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार मान्य होंगे। एपिक के सम्बन्ध में लेखन अशुद्धि वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते निर्वाचक की पहचान म्च्ब् से सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब निर्वाचक को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं. उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

# सूत्र के मुताबिक अयोध्या मंडल में अंबेडकरनगर जिले की बहू बनेंगी गायिका नेहा सिंह राठौर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पिछले कुछ दिनो से यूपी में का बा गाने के जरिए विधानसभा चुनाव और आम जनमानस में चर्चा का विषय बनी हुई है।वही इसी कडीघ में नेहा सिंह राठौर के अंबेडकरनगर की बहू बनने की चर्चा ने नई हलचल ला दी है।सूत्र के मुताबिक बिहार चुनाव के समय बिहार में का बा गाने के नौ पार्ट तैयार करने वाली नेहा ने उस समय कहा था कि यूपी में का बा के और भी पार्ट सामने आएंगे।दो पार्ट रिलीज होने के बाद लगातार ट्रोलिंग की शिकार नेहा का कहना है कि जनता मेरे गानों को खूब पसंद कर रही है। युवा होने की जो जिम्मेदारी मुझ पर है मैं उसका ही निर्वहन कर रही हूं।लोकतंत्र में सरकारों को जवाबदेही से मुक्त रखा गया है क्या? बात को आगेमें बढ़ाते हुए नेहा ने उन पर प्रहार किया जो यूपी में सब बा को लेकर आगे आ रहे हैं। नेहा ने बताया कि जुलाई तक वह हिमांशु के साथ विवाह के बंधन में बंध जाएंगी।सूत्रो के मुताबिक भोजपुरी गायन के क्षेत्र में उभरीं नई स्टार नेहा सिंह राठौर यूपी चुनाव को लेकर फिर सुर्खियों में हैं।सुगबुगाहट है कि वे जुलाई में अंबेडकरनगर की बहू बनने वाली हैं।बिहार के कैमूर की मूल निवासी नेहा का विवाह जुलाई में अंबेडकरनगर के हीड़ी पकड़िया निवासी सूर्यकांत सिंह के पुत्र हिमांशु से होने जा रहा है।वही मिली जानकारी के मुताबिक दोनो की सगाई हो चुकी है।नेहा ने वर्ष 2018 से गाने की शुरुआत की थी लेकिन बिहार चुनाव के समय बिहार में का बा गाने से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं।इसमें उन्होंने बिहार राज्य की बदहाली की तस्वीर उभारी थी।बिहार चुनाव के बाद भी नेहा बीच बीच में व्यवस्था पर चोट करती रही हैं। अब यूपी विधानसभा चुनाव शुरू होते ही नेहा ने यूपी में का बा की शुरुआत कर दी



है।पार्ट वन के बाद नेहा की ट्रोलिंग बढ़ी तो वे पार्ट 2 लेकर आ गईं। इसमें उन्होंने ट्रोलरों को ललकारते हुए कहा कि जब हम वोट देंगे तो सवाल किससे करने जाएंगे। गाने में यह भी कहा कि सच बात पूछने पर खराब क्यों लगता है।सूत्र के मुताबिक नेहा कहती हैं कि मैं ट्रोलिंग से डरने वाली नहीं हूं। मैं तो बिहार के लिए भी गा चुकी हूं। वहां के लिए मैंने कुल 9 पार्ट बनाए थे। यहां भी मैं रुकूंगी नहीं। मुझे टारगेट करने से उन्हें कोई फायदा नहीं होने वाला है। अभी आगे और पार्ट आएंगे। नेहा से पूछा गया कि यूपी में 7 चरण में चुनाव हैं तो क्या प्रत्येक चरण के लिए कुल 7 पार्ट आएंगे। जवाब आया कि तैयार कर रही हूं। जब जो बनता जाएगा फुर्सत में वह सामने आता जाएगा।हंसते हुए बोलीं कि बिहार से ज्यादा पार्ट भी आ सकते हैं।नेहा ने सवालों के जवाब में कहा कि युवाओं को आंख में आंख डालकर बात करनी होगी। तभी उन्हें हक और सम्मान मिलेगा।लोकतंत्र तभी ज्यादा मजबूत रहेगा जब युवा आगे आएगा और मुद्दों की बात करेगा। मैं युवा होने की ही जिम्मेदारी निभा रही हूं। मुद्दे उठा रही हूं। युवाओं को जायज सवाल पर चुप कराने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।नेहा ने अपने आलोचकों और यूपी में सब बा गीत लेकर सामने आने वालों को निशाने पर रखा।बोलीं कि यूपी में सब बा तो प्रयागराज में युवाओं पर लाठी गोली क्यों चली।यूपी में सब बा का दावा करने वाले बताएं कि यदि यूपी में सब बा तो अब कहीं विकास की जरूरत नहीं क्या.?सबको उनका हक और अधिकार मिल रहा क्या? अब हक की मांग करने वाले सड़कों पर नहीं उतरेंगे क्या? उन पर पुलिस गोली लाठी नहीं चलायेगी क्या?

# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ शहर के साहबगंज स्थित अमर हॉस्पिटल का 73 वां गणतंत्र दिवस

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अयोध्या जिले में जहां एक ओर शहर से लेकर गांव तक सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों के अलावा अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों पर 73 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।वहीं इसी कड़ी में शहर के साहबगंज में स्थित प्रतिष्ठित अमर हॉस्पिटल में 73 वां गणतंत्र दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में आये शहर के प्रतिष्ठित व समाजसेवी जय शंकर श्रीवास्तव के अलावा अमर हॉस्पिटल के चिकित्सक व प्रबंधक डॉ अरविंद खरे,डाक्टर आरुषि खरे के साथ–साथ हास्पिटल की प्रबंध निदेशक डॉ साधना खड़े के अलावा पंजाब नेशनल बैंक साहबगंज के प्रबंधक अमित कुमार झा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया।वही इस मौके पर तिरंगे झंडे के सम्मान में राष्ट्रगान हुआ।उसके पश्चात मां सरस्वती के साथ साथ भारत माता के चित्र पर उन्होने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।इसी कड़ी में अमर हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने वहां पर आये मुख्य अतिथि के साथ–साथ अन्य आगंतुकों व अमर हॉस्पिटल के चिकित्सक व प्रबंधक डॉ अरविंद खरे हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक डॉ साधना खरे डॉक्टर आरुषि का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में आये जय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि वास्तव में हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद तो हुआ था लेकिन पूर्ण आजादी हमें 26 जनवरी को ही मिली।क्योंकि इस दिन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखी गई संविधान के चलते पूर्ण रूप से आजादी हमें मिली।इस मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान से ही मनुष्य को अपना हक मिलता है और आज जो लोकतंत्र है वह संविधान की ही देन है।इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए पंजाब नेशनल बैंक साहबगंज के प्रबंधक अमित कुमार झा ने गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया।इस मौके पर अमर हॉस्पिटल के चिकित्सक व प्रबंध निदेशक डॉ अरविंद खरे ने गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार



पूर्वक बताते हुए कहा कि आज हमें जो आजादी मिली है वह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखी गई संविधान से ही है असली आजादी हमें तभी मिलती है जब हम सभी अपने अधिकार व कर्तव्य को जाने व उसका सदुपयोग करें।इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हमारा देश बहुत ही आगे विकास की तरफ जा रहा है।हमें सभी वर्ग के लोगों के बारे में अच्छी सोच रखनी चाहिए और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए। क्योंकि आज का बालक कल किसी न किसी क्षेत्र में नाम रोशन करेगा।वही इसी कड़ी में अमर हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक डॉ साधना खरे ने कहा कि हमारा देश पूर्ण रूप से 26 जनवरी को आजाद हुआ क्योंकि इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। एक व्यक्ति की आजादी पूर्ण रूप से तभी मिलती है जब वह अपने अधिकारों के बारे में जाने और इस लोकतंत्र में अपने अधिकार को पहचाने।क्योंकि भारत में लोकतंत्र है।गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर डॉ आरुषि खरे, अयोध्या फेको सेंटर के प्रबंध निदेशक रामजी गुप्ता, डॉ अजय तिवारी,नीरज जयसवाल,अमृत खरे,वैभव खरे,वीरेंद्र कुमार पांडे, वीरेंद्र गुप्ता,लवकुश कटियार, सुमित यादव,पंकज वर्मा,ममता तिवारी,रानी,सुनीता,अंशू,शिवम, यादव,अवधेश,राजेंद्र,पूजा,राकेश, सुलोचन,राहुल,विक्रम कुमार जी, सहित अन्य लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।वही इसी कड़ी में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर अमर हॉस्पिटल के कर्मियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां पर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।जहां पर बीच–बीच में अमर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ साधना खरे के अलावा चिकित्सक डॉ अरविंद खरे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए भी दिखे।अंत में डाक्टर अरविंद खरे व डाक्टर साधना खरे ने संयुक्त रुप से इस मौके पर उपस्थित आगंतुको के प्रति आभार जताया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।